तापमान

अधिकतम 41.3 डिग्री

न्यूनतम 27.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 13 मई 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



सिम्स के ओपीडी में इन दिनों मरीजों की भीड़ लगने लगी है।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना के आवेदन 22 मई तक



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार कुल 5,68,878 छात्रों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था। रिजल्ट आने के साथ ही अब उन छात्रों के लिए एक राहत भरी खबर आई है जो अपने प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं हैं। मंडल ने कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना और उत्तरपुस्तिका अवलोकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यानी, अगर किसी छात्र को लगता है कि उसे अपेक्षा से कम अंक मिले हैं या उसके अंकों में गड़बड़ी हो सकती है, तो वह अब इसकी जांच के लिए आवेदन कर सकता है। माशिमं के मुताबिक छात्र 22 मई 2025 तक इस प्रक्रिया के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें आवेदन दो तरीकों ऑनलाइन और ऑफलाइन किया जा सकता है। इसके साथ ही जो छात्र पुनर्मूल्यांकन या पुनर्गणना के लिए आवेदन करेंगे, वे द्वितीय मुख्य परीक्षा के लिए भी आवेदन भर सकते हैं।

## शहर की मुख्य सड़कों पर स्थित हैं जर्जर पेड़, निगम और वन विभाग की अनदेखी बनी वजह







# सूखे पेड़ दे रहे हादसे को निमंत्रण, अंधड़ की चपेट में आते ही बिजली होती है गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क किनारे सालों से सूखे पेड़ खड़े हैं, कई बार इन पेड़ों की वजह से कई तरह की दिक्कतें सामने आती है। अंधड़ चलते ही तेज हवाओं की जद में आते जर्जर पेड़ ध्वस्त हो कर जमीनदोंज हो रही है, इस दौरान बिजली के खंभे, तार और केबल टूटने का अंदेशा रहता है, लेकिन इसके बावजूद इन पेड़ों को हटाने के लिए नगर निगम और वन विभाग ध्यान नहीं दे रही है।

शहर की कालोनी और खाली पड़ी जमीनों और मुख्य सड़क किनारे सूखे पड़े हैं। गर्मी के दिनों में तेज हवाओं के चलने पर इन पेड़ों की डगाल टूट रही है। इन सूखे पेड़ों के गिरने का खतरा भी प्रबल हो जाता है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग इन्हें कटवाने को लेकर संवेदनशील नहीं दिख रही है। लोगों की मानें तो मौसम के मिजाज के मुताबिक चलने वाली तेज हवा से पेड़ कभी भी धराशायी हो सकते हैं। आंधी चलने से इन सूखे पेड़ों के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। पेड़ कभी भी सड़क पर गिर सकते हैं, जिससे सड़क पर आने-जाने वाले राहगीरों को क्षति भी हो सकती है। रिंग रोड, कलेक्ट्रोरेट, मुंगेलीनाका चौक, रेलवे सड़क, कोनी रोड सहित कई सड़कों पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में गाड़ियां गुजरती है। जिसमें बाइक चालक, साइकिल सवार और पैदल चलने वाले शामिल हैं, जिनपर सूखे पेड़ गिरने का अंदेशा बना रहता है।



### शनिचरी बाजार में गिरा बरगद का पेड़

शनिचरी बाजार मछली मार्केट स्थित स्लाटर हाउस के पास बरगद का पेड़ आंधी बारिश से धाराशायी हो गया है। बरगद का पेड़ दो घरों के ऊपर लटका हुआ है। जिसके कारण किसी तरह की जानमाल की हानि नहीं हुई है। दुर्घटना के पूर्व मोहल्लेवासियों ने जर्जर हो चुके स्लाटर हाउस को तोड़ने नगर निगम के अधिकारी व कलेक्टर को आवेदन दिया था। लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### बिजली के खंभे और तार आते हैं जद में

हाल ही में आए अंधड़ की वजह से कई पेड़ ध्वस्त हो गए थे। इस दौरान सूखे पेड़ के कारण कई घंटों तक बिजली बंद की नौबत आ चुकी है। ऐसे में निगम प्रशासन को सड़क के किनारे सूखे पेड़ों को हटाने की जरूरत है। गर्मी के बाद बारिश का सीजन शुरू हो होने वाला है, इसमें महीनें भर की देरी है, लेकिन सड़क के किनारे पर मौजूद सूखे पेड़ परेशानी का सबब बन सकते हैं।

### विभाग के बीच सामजस्य की कमी

बताया जा रहा है कि शहर में लगाए गए पेड़ों को हटाने में वन विभाग पहल नहीं करता है, दरअसल शहर में ज्यादातर लगे पेड़ राजस्व विभाग के अधीन है, ऐसे में उन्हें कटवाने के लिए राजस्व विभाग से अनुमति ली जाती है। साथ ही नगर निगम द्वारा जर्जर पेड़ को हटाया जाता है लेकिन नगर निगम के पास अमले की कमी है, ऐसे में वन विभाग और नगर निगम मिलकर सूखे पेड़ों को हटाने के लिए काम कर सकते हैं। विभागों के बीच सामंजस्य की कमी के चलते दिक्कतें हो रही हैं।

## पारा 41 डिग्री पार
## गर्म हवा के थपेड़ों और उमस ने किया बेहाल

**बिलासपुर।** द्रोणिका का प्रभाव कम होते ही गर्मी एकबार फिर तेजी से बढ़ने लगी है, सुबह से तेज धूप निकलने के कारण तापमान 41 डिग्री से अधिक हो रहा है, वहीं आसमान में हल्के बादल छाए रहने के कारण उमस भी बेहाल कर रही है। गर्मी अधिक होने के कारण एकबार फिर कूलर और एसी फेल हो रहे हैं।



पिछले सप्ताह द्रोणिका के प्रभाव से मौसम में लगातार उतार चढ़ाव हो रहा था, कभी आंधी चल रही थी तो कभी बारिश हो रही थी, इससे तापमान के तेवर ढीले पड़े हुए थे, परन्तु पिछले दो तीन दिनों से द्रोणिका का प्रभाव कम हो गया है, अब आसमान पर हल्के बादल तो छा रहे हैं, परन्तु तेज धूप भी निकल रही है। सुबह 7 बजे से तेज धूप निकलने से 10 बजते बजते गर्म हवा के थपेड़े लोगों को हलाकान करने लगे हैं। वहीं दोपहर तक तापमान अधिक होने से कूलर और एसी भी फेल हो रहे हैं। दोपहर में शहर की सड़कें सूनी सूनी नजर आने लगी हैं। हालत यह है कि देर रात तक गर्म हवा चल रही है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमा 41.6 डिग्री दर्ज किया गया।

### बिजली की आंख मिचौली रही जारी

गर्मी अपने प्रचंड तेवर दिखा रही है और बिजली की आंखमिचौली जारी है। सोमवार को सुबह से ही बिजली बंद होने की शिकायत रही। इस दौरान मसानगंज, सरजू बगीचा में बिजली गुल रही, सुबह से कई बार बिजली बंद होती रही। इसके साथ ही टिकरापारा, तोरवा, दयालबंद और तारबहार क्षेत्र में सुबह 10 से 12 बजे के बीच बिजली बंद रही। इसके साथ अशोक नगर, सरकंडा क्षेत्र में शाम होते ही बिजली आती जाती रही। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर और फीडर में ट्रीपिंग की समस्या आ रही है। जिसके चलते फीडर का लोड़ ट्रांसफर कर काम चलाया जा रहा है।



# अपोलो अस्पताल से रपटा तक बनेगी 2.25 किमी सड़क, 300 बेजा कब्जा पर चलेगा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वसंत विहार चौक से अपोलो चौक और यहां से हॉस्पिटल होते हुए मानसी लॉज तक का कब्जा निगम ने हटा दिया है। अब यहां 8 करोड़ में विभिन्न योजनाओं को लांच किया जाएगा। इसमें बसंत विहार चौक में बड़ा गार्डन बनेगा और उसका सौंदर्यीकरण किया जाएगा। निगम ने इसके लिए प्रस्ताव राज्य शासन के पास भेज दिया है। इसके साथ ही वेंडिग जोन भी बनाया जाएगा। दूसरी ओर वसंत विहार से अपोलो चौक तक 120 फीट की सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही 20 फीट में नाली व फुटपाथ भी बनाया जाएगा। इसमें 80 लाख रुपए

### 8 करोड़ होंगे खर्च

- वसंत विहार चौक में बनेगा गार्डन, सौंदर्यीकरण भी होगा
- अपोलो चौक तक 120 फीट की सड़क बनाने का काम शुरू

का टेंडर किया गया है। ट्रैफिक समस्या को दूर करने के लिए अपोलो हॉस्पिटल रोड में डिवाइडर भी बनाए जाएंगे। इसके साथ ही निगम ने अपोलो अस्पताल से रपटा पुल तक 2.25 किमी की सड़क के लिए अलग से 3.27 करोड़ का वर्कआर्डर जारी कर दिया है। इसका काम जल्द शुरू होगा। इसके लिए बीच रास्ते में आने वाले 300 मकान ढहाए जाएंगे और 80 फिट सड़क बनेगी। पूरी राशि निगम खर्च करेगा। हालांकि इस सड़क के साथ बनने वाली नाली पर व्यय होने वाले करीब एक करोड़ रुपए स्मार्ट सिटी से खर्च किए जाएंगे।

ध्यान रहे कि वसंत विहार तिराहे से दयालबंद पुल तक सड़क 120 फीट और अपोलो हॉस्पिटल के सामने की सड़क 80 फीट चौड़ी है। इसके आगे मानसी लाज और रपटा तक तो सड़क सिकुड़ कर 40 फिट भी नहीं रह गई है। इस कारण सड़कें बेहद संकरी हो गईं हैं। खासकर अपोलो हॉस्पिटल जाने वाले मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती थी। बेजा कब्जा करने वालों को कई बार नोटिस जारी हो चुका था, लेकिन राजनैतिक संरक्षण में कोई कार्रवाई नहीं हा पा रही थी।

### मोपका के लिए सीधी सड़क मिल जाएगी

जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा के मुताबिक इस निर्माण से शहर की एक बड़ी ट्रैफिक समस्या का समाधान होगा। शहरवासियों को मोपका की ओर से शहर के बीचों बीच पहुंचने के लिए सीधी सड़क मिल जाएगी और जाम की समस्या से मुक्ति भी मिलेगी। ध्यान रहे कि मानसी लॉज से शनिचरी रपटा तक निगम ने अवैध कब्जा हटाने के लिए सर्वे और सीमांकन कराया है। निगम ने पहले चरण में वसंत विहार चौक से मानसी लॉज तक अवैध कब्जा हटा दिया है लेकिन, मानसी लॉज से शनिचरी रपटा तक अवैध कब्जा नहीं हटा है।

### चौक होगा बड़ा क्योंकि 6 सड़कें मिलती हैं

निगम कमिश्नर अमित कुमार के मुताबिक सबसे पहली प्राथमिकता चौड़ी सड़क की है। बसंत विहार चौक को बड़ा भी किया जाएगा क्योंकि यहां 6 सड़कें मिलती हैं। सभी सड़कें भविष्य के लिए और महत्वपूर्ण है। इसके अलावा वेंडिग जोन और गार्डन का भी प्लान है। निगम के मुताबिक बसंत विहार चौक में दयालबंद, मोपका, सरकंडा, बहतराई के साथ ही दूसरी सड़कें भी मिलती हैं इसलिए इसे चौड़ा करना आवश्यक है। यहां अक्सर जाम की शिकायत रहती है। यह सड़क बनने से करीब दो लाख आबादी को फायदा होगा।

### दयालबंद पुल तक भी बनेगी 120 फीट सड़क

इसके साथ ही वसंत विहार चौक से दयालबंद पुल तक 120 फीट चौड़ी सड़क का प्रस्ताव बनाया गया है। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है जिसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार है। अधिकारियों के मुताबिक मास्टर प्लान में यहां की सड़क 120 फीट चौड़ी है। इसी के मुताबिक यहां की सड़क चौड़ी की जाएगी। ध्यान रहे कि नगर निगम अपोलो के सामने की सड़क पर बेहतर ट्रैफिक के लिए डिवाइडर बनाकर दोनों और 40-40 फीट की सड़क बनाएगा। निगम का कहना है कि मास्टर प्लान के हिसाब से यहां सड़क बनेगी।

### ट्रैफिक समस्या का होगा समाधान

अपोलो अस्पताल से रपटा पुल तक 2.25 किमी की सड़क के लिए अलग से 3.27 करोड़ का वर्कआर्डर जारी कर दिया गया है। कुछ कब्जे भी हटाने पड़ेंगे जिसके लिए नोटिस जारी किया गया है। इस निर्माण से शहर की एक बड़ी ट्रैफिक समस्या का समाधान होगा।

\- अमित कुमार
निगम आयुक्त

### सिंगल बेंच ने दिया था कर्मचारियों के पक्ष में फैसला

# सहकारी बैंक के 110 कर्मचारियों का बहाली आदेश अपास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट की डबल बेंच ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के 110 कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के निरस्तीकरण आदेश को अपास्त कर दिया है। ध्यान रहे कि सिंगल बेंच ने कर्मचारियों के पक्ष में फैसला दिया था। इसके खिलाफ सहकारी बैंक ने डीबी में अपील की थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डबल बेंच ने यह फैसला दिया है। सिंगल बेंच ने अपीलकर्ता पंकज कुमार तिवारी के साथ ही कर्मचारियों को बिना बकाया वेतन के बहाल करने का आदेश जारी किया गया था।



समिति प्रबंधक पंकज कुमार तिवारी, मोहम्मद इमरान खान, चंदन प्रताप सिंह, सीमा देवांगन, चंचल कुमार दुबे, चंद्रशेखर कुर्रे, लेखा कश्यप, भूपेंद्र राठौर, नरेंद्र कुमार मिश्रा, अमित पटेल व अन्य लोगों ने यह याचिका अपनी सेवा समाप्ति के खिलाफ लगाई थी। सिंगल बेंच ने हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद सेवा में बहाल करने के आदेश जारी किया था। याचिका के मुताबिक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा 14 जून 2014 को विभिन्न पद हेतु विज्ञापन जारी किया गया था।

### राज्य सहकारी अधिकरण से खारिज

याचिकाकर्ता पंकज कुमार तिवारी की ओर से अन्य ने समिति प्रबंधक के पद पर आवेदन किया। सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनकी नियुक्ति संस्था प्रबंधक के पद पर 14 फरवरी 2015 को हुई, जिसके आधार पर 13 मार्च 2015 को अपना कार्यभार ग्रहण किया। बाद में सहकारी बैंक की समस्त भर्ती प्रक्रिया में शिकायत होने पर जांच समिति गठित की गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी ने 4 नवंबर 2015 को पंकज तिवारी को नोटिस जारी किया और 23 नवंबर 2015 को सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया गया। इस आदेश के खिलाफ उन्होंने संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्था रायपुर संभाग के समक्ष अपील किया। 14 अक्टूबर 2019 को अपील खारिज कर दी गई। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी अधिकरण बिलासपुर ने भी 20 फरवरी 2020 को अपील को खारिज कर दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिका पेश की। जस्टिस एके प्रसाद के कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान याचिका में कहा गया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा कुल 110 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। याचिकाकर्ताओं ने सभी पात्रता को पूरा किया और साक्षात्कार के माध्यम से नियुक्ति पाई। इसी बीच दुर्गेश राजपूत द्वारा एक शिकायत दर्ज कराने के बाद संभाग आयुक्त द्वारा जांच समिति गठित कर दी गई। बाद में ना तो सहकारी बैंक और ना ही शिकातकर्ता दुर्गेश राजपूत इस शिकायत को प्रमाणित कर पाए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा यह आधार लिया गया कि जांच एकतरफा थी। हाईकोर्ट ने याचिका को स्वीकार किया और सेवा समाप्ति के आदेश को निरस्त कर दिया था। सिंगल बेंच के इस फैसले के खिलाफ सहकारी बैंक की ओर से डीबी में अपील की गई थी।

बाजार मूल्य ₹ 199 प्रति पीस वाला
सुमीत बाजार में
आज पेपर कटिंग लाने पर
अल्ट्रा सॉफ्ट
बॉथ टॉवेल
Size 70 x 140
ONLY
₹ 99
2 पीस

COTTON SILVER TOUCH
*CONDITION APPLY
ऑफर सिर्फ पेपर कटिंग लाने पर ऑफर स्टॉक रहने तक प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 पीस
दिखाये गये चित्र से प्रोडक्ट भिन्न हो सकता है
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

बिलासपुर, मंगलवार 13 मई 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



बैठक

## युद्ध विराम के दूरगामी परिणाम बहुत सुखद होंगे



**बिलासपुर।** तिफरा स्थित एक निजी होटल में वंदे मातरम मित्र मंडल की 196 वीं बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में अपोलो में कार्यरत डॉ. आकाश गर्ग ने लिवर एवं पेट संबंधी बीमारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अत्यधिक शराब के सेवन से लिवर संबंधी बीमारियां होती हैं। हमे अपनी दिनचर्या व भोजन में बदलाव कर प्रतिदिन व्यायाम कर अपने को स्वस्थ रख सकते हैं। सोने से कम से कम 3 घंटे पूर्व हमें रात का भोजन ग्रहण कर लेना चाहिए, फाइबरयुक्त भोजन लेना चाहिए। बैठक की शुरुआत हमेशा की भांति शंख ध्वनि, हनुमान चालीसा एवं संघ गीत संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो। भला हो जिसमें देश का, वह काम सब किए चलो से हुई। गीत को जयप्रकाश लाल ने गाया, जिसे सभी ने दोहराया। बैठक में डॉ. जेठू साहू, संजय गुप्ता, रमेश अग्रवाल, संजय शर्मा, रमेश शर्मा ने अपने विचार रखे एवं सभी ने एक स्वर में हिंदुओं को संगठित होने की आवश्यकता पर जोर दिया। मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने भारत पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हम आज भले ही इस बात से खुश न हो कि भारत को युद्ध विराम नहीं करना चाहिए था। हमें प्रधानमंत्री पर एवं अपने देश की सेना पर पूरा भरोसा है, इस युद्ध विराम के दूरगामी परिणाम बहुत सुखद होंगे। बैठक के आयोजक सुरेन्द्र सिंह गुंबर ने बड़ी संख्या में आए वन्देमातरम मित्र मंडल के मित्रों और डॉ. आकाश गर्ग का आभार व्यक्त किया।

यज्ञ

## वैश्विक शांति व वातावरण की शुद्धि के लिए महायज्ञ



**बिलासपुर।** भारत पाक तनाव की समाप्ति, वैश्विक शांति की प्रार्थना, युद्ध की विभीषिका से पर्यावरण की शुद्धि के लिए आज युगाब्द 5127 बैसाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर राष्ट्रीय पाठशाला में महामंत्र व महामृत्युंजय का यज्ञ किया गया। के पी गुप्ता, ललित अग्रवाल, निशा अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, रामावतार अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रमेश सरावगी, सीमा सरावगी सहित अनेकों धर्मनिष्ठ देशभक्तों ने जौ, तिल, अक्षत, जावित्री, दालचीनी, लौंग, बड़ी इलायची, गुड़, गिलोय, अश्वगंधा,मेवा, नीम पीपल पत्ती, घृत आदि जड़ीबूटियों के मिश्रण से बनी समिधा व गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र से यज्ञ में आहुति देते हुये सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग भवेत की प्रार्थना की गई। वास्तव में पाकिस्तान के हार्डवेयर में समस्या नहीं हैं, क्योंकि उनका हमारा डीएनए तो एक ही हैं। स्थाई समाधान के लिए हम सभी को मिलजुल कर उनके सॉफ्टवेयर से घृणा, कट्टरता हटाकर शांति, भाईचारा डालने का प्रयास करना होगा। इस अवसर पर ललित अग्रवाल ने बताया कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठांन ना होकर पूर्णतया वैज्ञानिक विधि हैं। विशेषकर वृद्ध, बच्चें व गम्भीर रोगियों को स्वास द्वारा दवाई देने की उत्तम विधि हैं।

आयोजन

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर जागरूकता कार्यक्रम




**बिलासपुर।** रविवार को ज्येष्ठ नागरिक संघ एवं अपोलो अस्पताल का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अनुभव भवन में किया गया। संस्था के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने बताया कि इस शिविर में अपोलो अस्पताल की डॉ. शीला कुमारी ने वरिष्ठ जनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने को कहा एवं 67 वरिष्ठ जनों की जांच भी की गई। इस अवसर पर हेल्थ चेकअप के ब्रोसर का विमोचन भी किया गया। अपोलो की ओर से अजय जाडे, ज्येष्ठ नागरिक के डीपी गुप्ता, डॉ. सुधाकर, बीबे हरीश, मगर घनसिंह ठाकुर, प्रभात मिश्रा, सुरेश शर्मा, प्रेमलता राजपूत व्हाय डी दीवान उपस्थित रहे।

सम्मान

## हास्य हर्बल योग ने किया नारी शक्तियों का सम्मान



**बिलासपुर।** हास्य हर्बल योग कंपनी गार्डन ने एक निजी होटल में नारी शक्तियों का सम्मान किया एवं बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं दी। इसमें श्रीमती शर्मा, श्रीमती प्रथानी, श्रीमती परवानी, श्रीमती कलवानी, श्रीमती ठाकुर,श्रीमती थवाईत का श्रीमती देवांगन ने सम्मान किया। इस मौके पर क्लब के संरक्षक शंकर मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रताप प्रथानी, संध्या मिश्रा, नीतू शाह, आभा सक्सेना, अरुण गुप्ता, अनीता कोरी, ज्योति कुर्रे, रेणुका, रूपेश चावला, उमेश वैष्णव, मनोज विश्वकर्मा, बीडी चांदनी, रामू डोडवानी, गोविंद राम बजाज, संतोष गुप्ता, नवीन भटनागर, जसवीर खनूजा, संतोष ताम्रकार, निखिलेश शर्मा, राजू हरियाणवी, प्रताप प्रथानी, महेंद्र साहू, सनी कलवानी, मनेद्र यादव, विजय रावलानी, पुरुषोत्तम उपस्थित थे। अंत में संस्था के अध्यक्ष महेंद्र साहू ने आभार व्यक्त किया।

### श्रद्धालुओं ने की सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना

# बुद्ध पूर्णिमा पर घरों में गायत्री यज्ञ

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा बुद्ध पूर्णिमा पर पूरे भारत देश में लगभग 24 लाख घरों में यज्ञ कार्यक्रम किया गया। इसी क्रम में बिलासपुर जिले में शहर और गांवों को मिलाकर गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ के ट्रस्टियों, जिला व ब्लॉक समन्वयकों तथा सभी सक्रिय सदस्यों के सहयोग से लगभग 5100 घरों में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना से संपन्न किया गया।



### बेटियों के साथ किया यज्ञ

गृहिणी प्रतिभा शास्त्री नगोई ने बेटियों के साथ मिलकर गायत्री यज्ञ किया। सबसे पहले विधि-विधान से मां गायत्री की पूजा कर यज्ञ कर देश में सुख-शांति बहाल होने, देश की सीमाओं पर डटे जवानों को उर्जा देने की भावना के साथ आहुतियां दी। अंत में दुर्गा प्रसाद शास्त्री, प्रगति व प्रिया शास्त्री की उपस्थिति में अठोतरी बाती से महाआरती की गई। इससे माहौल एकदम आध्यात्ममय बना रहा।

**बिलासपुर।** इस सकारात्मक ऊर्जा के माध्यम से आने वाले समय में प्रज्ञा युग एवं सतयुग की वापसी की होगी। विनोबानगर शक्तिपीठ के द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ के अंतर्गत 24 गायत्री महामंत्र और 5 महामृत्युंजय मंत्र के अतिरिक्त भारत देश की सुरक्षा हेतु सीमाओं पर डटे सैनिकों में विशेष शक्ति का संचार करने, उनमें शौर्य, पराक्रम, आत्मबल एवं देश की सुरक्षा का भाव सदा बना रहे, इस हेतु विशेष मंत्र से अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा विशिष्ट आहुतियां दी गई।

## ब्राह्मण बहनों ने वृद्धों के साथ बिताया समय, बांटे फल

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जिला बिलासपुर की बहनों ने बुद्ध पूर्णिमा पर सोमवार को राज किशोर नगर स्थित माता की कुटिया वृद्ध आश्रम में सेवाएं दी। फलों का वितरण कर सभी बुजुर्ग वृद्ध माताओं के साथ में समय व्यतीत किया। उनसे बुद्ध पूर्णिमा, सनातन धर्म के बारे में चर्चा, विमर्श कर अपने अनुभव साझा किए। ठंडे पानी के लिए घड़े का भी दान किया गया। आश्रम की संचालिका नीतू दुबे से वहां की व्यवस्था एवं सामान्य दिनचर्या के बारे में चर्चा कर भविष्य में निरंतर उनकी मदद एवं जरूरत की चीज देने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रभारी प्रतिभा पांडेय, संभाग प्रभारी मीनू दुबे, प्रदेश प्रभारी संगीता शर्मा, जिलाध्यक्ष अर्चना तिवारी, जिला प्रभारी नम्रता शर्मा, जिला सचिव शशि प्रभा पांडेय, सीता तिवारी, खेल प्रभारी शारदा, उपाध्यक्ष शशि तिवारी, सांस्कृतिक प्रमुख पूर्णिमा मिश्रा, साधना दुबे, कोषाध्यक्ष संजना मिश्रा, लता दुबे, निधि तिवारी, नेहा पांडेय, रश्मि, पुष्पा शुक्ला, नंदिनी तिवारी, माया बाजपेई, सुषमा पांडेय, मंजू, विनीता मिश्रा, पूनम, चांदनी पांडेय, रश्मि पटेरिया, प्रिया शर्मा, ज्योति मिश्रा, ज्योति शुक्ला, रोशनी दीक्षित, प्रेमलता दुबे, अर्चना शुक्ला, सुभधा पांडेय, आरती द्विवेदी ने मातृ शक्तियों को सम्मान देते हुए उन्हें मदर्स डे व बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी।







# ब्रम्होत्सव पर भगवान का महाभिषेक, आरती

सदर बाजार स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर में भगवान श्री वेंकटेश्वर महाप्रभु के ब्रम्होत्सव महापर्व का आयोजन किया गया है। इसके पहले दिन नृसिंह चतुर्दशी पर भगवान नृसिंह का प्रकट उत्सव मना कर महाआरती की गई। मानस प्रवचन में श्रीधाम अयोध्या से आए युग तुलसी पूज्य रामकिंकर महाराज के कृपा पात्र शिष्य नरेन्द्र शुक्ल ने श्री रामचरित मानस पर आधारित दिव्य श्रीराम कथा का वाचन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ब्रम्होत्सव के दूसरे दिन सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा पर सुबह भगवान का दूध, दही, धृत, मधु, सर्करा से महाभिषेक, दीक्षा संस्कार करा भजन कीर्तन किया गया। मध्यान्ह महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शाम को पं. नरेंद्र शुक्ल ने मानस प्रवचन दिया। तीसरे दिन मंगलवार 13 मई को सुबह साढ़े 8 बजे भगवान का महाअभिषेक होगा। 10 से 12 बजे तक भजन-कीर्तन किया जाएगा। मध्यान्ह 12 बजे अनुराधा नक्षत्र में भगवान की महाआरती की जाएगी। गोष्ठी, प्रसाद वितरण होगा। शाम 4 से 6 बजे तक मानस प्रवचन होगा। मानस कथा 15 मई तक शाम 4 से 6 बजे तक चलेगी। ब्रम्होत्सव को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन व सेवादारों का सहयोग मिल रहा है।

### आज भजन कीर्तन कर प्रसाद वितरण

# मदर्स डे पर सैनिक स्कूल का खास तोहफ़ा

### सभी माताओं के लिए सैनिक स्कूल परिवार की ओर से अनोखा उपहार

**बिलासपुर।** आधारशिला सैनिक स्कूल की ओर से रविवार को मदर्स डे पर एक खास घोषणा की गई जो कि सभी माताओं के प्रति सम्मान प्रकट करने की अनूठी पेशकश है। जिसके तहत 12 ,13 और 14 मई को प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को कोई भी प्रवेश शुल्क नही देना होगा ।

सैनिक स्कूल परिवार की ओर से की गई निःशुल्क प्रवेश की यह घोषणा सभी महिलाओं के प्रति सम्मान प्रकट करने की एक सकारात्मक पहल है जिससे कई छात्र लाभान्वित होकर विद्यालय परिवार का हिस्सा बन सकेंगे और पुस्तकीय ज्ञान के साथ - साथ सर्वांगीण विकास की ओर उन्मुख होंगे। मदर्स डे के अवसर पर माताओं के सम्मान में निःशुल्क प्रवेश की यह घोषणा काबिले तारीफ़ है इस सुअवसर का लाभ ज़्यादा से ज़्यादा विद्यार्थी ले सकेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव ने सभी महिलाओं को मदर्स डे की बधाई देते हुए कहा कि - बच्चे के जीवन में माँ की भूमिका महत्वपूर्ण होती है । माँ की तपस्या ही बच्चे के भविष्य का निर्माण करती है। विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनास्वामी ने इस अवसर पर कहा कि माँ केवल माँ नही होती,वह एक भविष्य निर्माता होती है और भविष्य निर्माण के लिए वह निरंतर निःस्वार्थ परिश्रम करती है। विद्यालय की प्रिंसिपल जीआर मधुलिका ने कहा कि माँ बच्चे की पहली गुरु होती है। बच्चा जीवन का पहला पाठ माँ की गोद में सीखता है। 'मदर्स डे ' के अवसर पर विद्यालय के सभी छात्रों ने भी पेंटिंग प्रतियोगिता में जमकर प्रतिभाग किया । छात्रों ने अपने मनोभावों को विभिन्न पेंटिंग्स और कार्ड पर उकेरकर माँ के प्रति अपने भावों तथा माँ के द्वारा किये जाने वाले समर्पण को को अभिव्यक्त किया ।



### ऑनलाइन चॉइस फिलिंग केवल एक बार

इसके साथ ही विद्यालय की ओर से सूचना जारी की गई कि जल्द ही एआईएसएसईई का रिजल्ट आने वाला है, जिसके एक सप्ताह तक छात्रों को चॉइस फिलिंग का अवसर मिलेगा। इस प्रक्रिया में छात्रों को अपने पसंदीदा सैनिक स्कूल या न्यू सैनिक स्कूल को ऑनलाइन पोर्टल में चयनित करना होगा। यह ध्यान देने योग्य है कि ऑनलाइन काउंसिलिंग में चॉइस फिलिंग केवल एक बार ही की जा सकती है, और उसके बाद प्राथमिकता में कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। छात्र 33 सैनिक स्कूल और 43 न्यू सैनिक स्कूल में से अपना विकल्प चुन सकते हैं।

स्पोर्ट्स न्यूज

अंडर 16 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता



# आदित्य के आलराउंड प्रदर्शन से पहली पारी में बिलासपुर की बढ़त

**बिलासपुर।** अंडर 16 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में आदित्य के आलराउंड प्रदर्शन से बिलासपुर की टीम ने पहली पारी में बढ़त बना ली है। प्रदेश क्रिकेट संघ के तत्वावधान में मेंस अंडर 16 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिलासपुर का दूसरा मैच दल्लीराजहरा मैदान में रायपुर ब्लू के साथ 11 मई को शुरु हुआ था।

बिलासपुर की ओर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बिलासपुर की टीम पहले दिन की बल्लेबाजी करते हुए 46.4 ओवर में 188 रन बनाकर आउट हो गई। बिलासपुर की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज आदित्य ब्यादवाल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 119 गेंदों में 13 चौके और 11 छक्के की मदद से 84 रन, अंश कोरी ने 48 रन, चेतन कुमार ने 26 रनों का योगदान दिया। रायपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए मानस मूलचंदानी ने 3 विकेट, दिव्यांश राजपाल, आदित्य चौहान, अर्पित चंद्राकर ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। इसके उपरांत बल्लेबाजी करने उतरी रायपुर ब्लू की पूरी टीम 59.5 ओवर में 182 रन बनाकर आउट हो गई। टीम की ओर से अंशुमान ठाकुर ने 77 रन, चिराग मरवानी ने 34 रन, अजान आलम ने 26 रन बनाया। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए आदित्य ब्यादवाल ने 3 विकेट, जैद अनवर, लक्षित कार्तिकेयन और अनंत प्रताप सिंह ने दो-दो विकेट लिया। इस तरह बिलासपुर की टीम ने पहली पारी में रायपुर ब्लू की टीम से 6 रन की बढ़त बना ली। दूसरी पारी खेलने उतरी बिलासपुर की टीम ने खेल समाप्त होने तक 27 ओवर में एक विकेट खोकर 89 रन बना लिए हैं। टीम की ओर से आदित्य ब्यादवाल 56 रन बनाया और आउट हो गए। वहीं काव्यांश वाधवानी 27 रन बनाकर खेल रहे हैं। मंगलवार को तीसरे दिन का खेल होगा। मैच के निर्णायक महेश वर्मा, अशोक रिग्री, आब्जरवर कमल घोष, स्कोरर महेन्द्र साहू, बिलासपुर टीम के कोच सैय्यद जावेद अली, मोईन मिर्जा थे।

पंजाबी संस्था का फ्रेंडली बैडमिंटन मैच, 40 से अधिक सदस्य खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया

# अतुल और सोनल ने जीता खिताबी मुकाबला




पंजाबी संस्था का फ्रेंडली बैडमिंटन मैच स्मार्ट सिटी के मिनी स्टेडियम एंड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इनडोर बैडमिंटन कोर्ट में रविवार शाम को खेला गया। फ्रेंडली मैच में पंजाबी संस्था, पंजाबी महिला हिन्दू संस्था के 40 से अधिक महिला-पुरुष सदस्य खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस दौरान बैडमिंटन के सिंगल मुकाबलों में अलग-अलग आयु वर्ग के 4 उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने जीत हासिल की। मिनी स्टेडियम एंड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का इनडोर बैडमिंटन कोर्ट पंजाबी संस्था के फ्रेंडली बैडमिंटन मैच से गुलजार रहा। पंजाबी संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि, पंजाबी महिला संस्था की अध्यक्ष योगिता दुआ के मार्गदर्शन में अलग-अलग आयु वर्ग की 4 टीमों का गठन किया गया था। पूरे मैच के दौरान महिला और पुरुष खिलाड़ियों के सिंगल मुकाबले खेले गए। महिला 25-50 आयु वर्ग में पहला फाइनल मैच सोनल सलूजा और मनप्रीत सहगल के बीच हुआ। सोनल ने लगातार जीत का क्रम जारी रखा। उन्होंने अपनी कसी हुई सर्विस के बदौलत मनप्रीत पर आसान जीत दर्ज कर विजेता का खिताब हासिल किया। मनप्रीत उपविजेता बनी 50 से अधिक उम्र की महिलाओं के सिंगल मुकाबले में सीमा दुआ विजेता रहीं और आरती कोचर उपविजेता बनीं। दूसरी तरफ पुरुषों के सिंगल मुकाबले के सरताज अतुल दुआ रहे, अतुल का पहला मुकाबला मृणाल ऐरी से हुआ, बाद में अतुल ने अपने जबरदस्त फार्म के चलते सुखमीत सलूजा को धूल चटा दी। इस मैच में सुखमीत रनर-अप रहे बैडमिंटन मैच के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि विरुद्ध हेमचंद ऐरी का खेल उल्लेखनीय रहा। अशोक ऋषि ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता हेमचंद पर जीत दर्ज की। सम्पूर्ण मैच के दौरान गौरव ऐरी ने सभी राउंड में सर्वाधिक खेल का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सौरभ कोहली, प्रकाश सलूजा, सुमित सलूजा, रोचित बतरा, प्रतीक ढोडी, कार्तिक सलूजा और महिला खिलाड़ियों में आरती कोचर, मानसी मलिक, सरिता सलूजा, शिखा सलूजा, हरजीत छाबड़ा, कमला ढोडी, रिंकी सलूजा, तनमीत खनूजा, जयंती बतरा, रीता सलूजा, अंजलि सलूजा, चानी ऐरी और छाया ठकराल भी खेल-प्रेमियों का दिल जीतने में सफल रहे।

## खेलो इंडिया के तैराकी में अभय ने जीता कांस्य

खेलो इंडिया में तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर बिलासपुर के खिलाड़ी अभय साहू ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। बिलासपुर कार्पोरेशन तैराकी संघ के सचिव हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि खेलो इंडिया की तरह प्रतियोगिता का आयोजन बिहार गया में किया गया था। इसमें बिलासपुर कार्पोरेशन तैराकी संघ के अभय प्रकाश साहू ने 200 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीतकर शहर और प्रदेश का नाम रौशन किया। पदक जीतकर शहर वापसी पर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर सतीश सिंह ठाकुर, आशीष घोष, अजय प्रकाश साहू, संतोष पाल, शंकर पांडे, दिनेश सिंह ठाकुर, बीएस यादव, टी रमेश बाबू, विनय सिंह, शैलेन्द्र धारा, सुनीता शर्मा, बबीता बाशा, गीता नायडू, सोनू सिंह, अरूप धारा, आरव सारथी, अर्पित, गीतिका, शिवांगी, सत्यम, शिवांश, रूचिता आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप जयंती में शामिल होंगे साव, तोखन



**लोरमी।** राजपूत क्षत्रिय समाज के महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम एवं ग्राम सुकली में महाराणा प्रताप की विशाल का मूर्ति का अनावरण 13 मई को किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक एवं उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ अरुण साव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह एवं अन्य अतिथि शामिल होंगे। अध्यक्षता कपिल सिंह राजपूत करेंगे।

### ग्राम खपरीकला में समाधान शिविर आज

**लोरमी।** ग्राम खपरीकला के शासकीय हाई स्कूल मैदान में 13 मई को सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में खपरीकला, भांठा, कोसमतरा, लगरा, साल्हेघोरी डुमरहा बघमार, सिंघनपुरी, चिल्फी. नथेलापारा, बैजलपुर, परदेशीकापा, दाउकापा, खैरवारखुर्द के आये हुए आवेदन का निराकरण किया जाएगा।

## निधन

### हेमंत अंचल



**बिलासपुर।** मिनीमाता नगर तालापारा निवासी हेमंत अंचल का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### सीताराम श्रीवास



**मुंगेली।** मुंगेली निवासी रिटायर्ड शिक्षक सीताराम श्रीवास का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 मई को लखनऊ उत्तर प्रदेश में हुआ। सर्वसेन श्रीवास समाज जिलाध्यक्ष राजीव श्रीवास ने बताया कि उनका पूरा परिवार कुछ दिन पहले लखनऊ चले गए थे इसलिए लखनऊ में अंतिम संस्कार किया गया।

### सुकृति दास मानिकपुरी



**तखतपुर।** ग्राम चितावर के पूर्व कोटवार सुकृति दास मानिकपुरी 75 वर्ष का 12 मई को निधन हो गया। वे गोरे दास मानिकपुरी के पिता, मोहित, हीरादास, मनहरण दास के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार 13 मई को प्रातः 9 बजे किया जाएगा।

### शंभू दयाल दुबे



**बिलासपुर।** जगमल ब्लाक निवासी शंभू दयाल दुबे का सोमवार को 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 मई को दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पंकज, पीयूष व परिवेश दुबे के पिता थे।

## एक साल में जिले की 15 शराब दुकानों में 3 अरब से अधिक की बिक्री

# प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक की शराब गटक रहे मुंगेली जिले के मदिरा प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



शराब दुकान के बाहर लगी भीड़।

जिलेवासी प्रतिदिन लगभग 1 करोड़ की शराब गटक जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक साल में जिले की 15 शराब दुकानों में 3 अरब 27 करोड़ 25 लाख 71 हजार 760 रूपए की शराब शराब प्रेमी गटक गए। वित्तीय वर्ष 2023-24 तुलना में वर्ष 2024-25 में लगभग 21 प्रतिशत अधिक की शराब बिकी। पिछले साल से इस साल 65 करोड़ 21 लाख 27 हजार 160 रूपए से अधिक की आय शराब से हुई।

■ पिछले वर्ष 65 करोड़ से अधिक की हुई थी आय

महंगी बहुत है शराब कि थोड़ी-थोड़ी पीया करो, परंतु जिले के मदिरा प्रेमी ने इसे कभी नही माना। रेट भले ही बढ़ता गया हो परंतु हर साल बिक्री बढ़ती ही गयी। चाहे सूखा पड़े या अकाल, शराब बिक्री में कभी कमी नहीं आई। जिले में सर्वाधिक बिक्री देसी शराब की है। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष लगभग 21 प्रतिशत अधिक की शराब बिकी तथा इतना ही अतिरिक्त राजस्व मिला। पिछले साल से इस साल 65 करोड़ 21 लाख 27 हजार 160 रूपए से अधिक की आय शराब से हुई। पिछले कुछ सालों से रेट बढ़ने से स्वभाविक रूप से यह आंकड़ा और बढ़ना ही है। जिले में 15 शराब दुकानें हैं। 13 साल पहले जिला बना मुंगेली भले ही बहुत छोटा जिला है जो विकास या अन्य मामलों में भले धीमी रफ्तार से प्रगति कर रहा हो, परंतु शराब बिक्री एवं राजस्व के मामले में मुंगेली जिला पीछे नहीं है। गत कुछ वर्ष में कोरोना महामारी भी आई थी, परंतु कभी भी शराब की बिक्री में किसी तरह की कमी नहीं आई। मतलब कोई भी हाल हो पीने वालों को पीना ही है। इस साल जिले के मदिरा के शौकीन 3 अरब 27 करोड़ 25 लाख 71 हजार 760 रूपए की शराब गटक गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार देसी शराब दुकान से 2 अरब 35 करोड़ 97 लाख 93 हजार 690 रूपए एवं विदेशी शराब दुकान से 91 करोड़ 27 लाख 78 हजार 70 रूपए की शराब बिकी। मतलब प्रतिमाह लगभग 27 करोड़ की शराब जिले की 15 दुकानों से बिकी। जिस हिसाब से कहा जा सकता है कि प्रतिदिन लगभग 1 करोड़ की शराब लोग गटक जाते हैं।

### सर्वाधिक बिक्री दाऊपारा रेहुंटा दुकान से

बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले से शासन को शराब बेचकर 2 अरब 62 करोड़ 4 लाख 44 हजार 600 की शुद्ध राजस्व प्राप्त हुआ। देसी शराब दुकानों से 1 अरब 97 करोड़ 48 लाख 9 हजार 780 रूपए एवं विदेशी शराब दुकान से 64 करोड़ 56 लाख 34 हजार 820 रूपए की प्राप्ति हुई थी। मतलब किसी व्यवसाय में बढ़ोतरी हो ना हो शराब की बिक्री या कमाई में बढ़ोतरी होनी ही है चाहे ठेकेदारी हो या शासन की दुकान बिक्री या कमाई में बढ़ोतरी ही होनी है। 3 अरब 27 करोड 25 लाख 71 हजार 760 रूपए की बिक्री में सर्वाधिक बिक्री मुंगेली शहर की दाउपारा एवं रेहुंटा दुकान से होती है। आंकड़ो के अनुसार जिले में सर्वाधिक बिक्री देसी शराब की है।



समर कैम्प में हुनर सीखते बच्चे।

## समर कैंप में हुनर सीख रहे बच्चे

**मुंगेली।** जिले के विकासखंड मुंगेली के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में इन दिनों समर कैंप की रंगीन चहल-पहल देखी जा रही है। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित इस विशेष शिविर का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में आयोजित यह अभिनव पहल बच्चों में रचनात्मकता, व्यवहारिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों को सहजता से विकसित कर रही है।

शिविर में रंगोली, पेंटिंग, हस्तकला, हिंदी-अंग्रेजी लेखन और नैतिक कहानियों जैसे गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहन मिल रहा है। जहां स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है, वहाँ डिजिटल कहानियाँ, शॉर्ट फिल्में और शैक्षिक वीडियोज बच्चों को नई दुनिया से रूबरू करवा रहे हैं। विद्यालयों में बच्चों से फल-सब्जियों के बीज संग्रह कराए जा रहे हैं, जिन्हें मानसून के दौरान किचन गार्डन में रोपा जाएगा। इस पहल से बच्चों में प्रकृति और कृषि के प्रति जागरूकता व जुड़ाव गहराया है। 'कबाड़ से जुगाड़' और डाक टिकट संग्रह जैसी नवाचारी गतिविधियाँ न केवल बच्चों की सृजनात्मकता को नई उड़ान दे रही हैं, बल्कि उन्हें संसाधनों के पुनः उपयोग का महत्त्व भी सिखा रही हैं। इन प्रयासों के जरिए बच्चों को शिक्षा का ऐसा माहौल मिल रहा है, जहाँ वे आनंद के साथ सीख रहे हैं।

कलेक्टर ने कहा है कि गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग बच्चों के कौशल विकास, नैतिक मूल्यों और रचनात्मकता को बढ़ाने में किया जाए। समर कैंप में ऐसी गतिविधियाँ हों, जो बच्चों को आनंदित करते हुए उन्हें कुछ नया सिखाएँ। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर बच्चा सक्रिय रूप से भाग लें और सीखने की यह प्रक्रिया उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहायक बने। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुंगेली डॉ. प्रतिभा मंडलोई स्वयं बच्चों को समर कैंप में उनके तर्कशक्ति रचनात्मकता को कुशलता प्रदान करते हुए मार्गदर्शन दे रही है एवं विभिन्न गतिविधियां करा रही है। उन्होंने बताया कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों में रचनात्मकता, नैतिक शिक्षा और व्यवहारिक ज्ञान का अद्भुत विकास हो रहा है। खेल-खेल में सीखने की यह प्रक्रिया उन्हें न केवल आनंदित कर रही है, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास भी भर रही है। यह समर कैंप बच्चों के लिए सिर्फ छुट्टियों का समय नहीं, बल्कि सीखने, सोचने और कुछ नया कर दिखाने का सुनहरा अवसर बन चुका है।

## शराब दुकानों से लगे मुख्य मार्ग पर चला स्वच्छता अभियान




**पथरिया।** नगर की शराब दुकानों से लगे पथरिया- तखतपुर मुख्य मार्ग पर पसरी गंदगी हटाने के लिये नगर के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने पुलिस बल के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे डिस्पोजल, पानी पाउच और अन्य दुर्गन्धयुक्त सामग्री फेंकने पर कड़ी कार्रवाई की हिदायत भी दी गई।

मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार ने पथरिया प्रवास शराब दुकानों के बाहर गंदगी पसरी देखी जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए आबकारी विभाग और नगर पंचायत प्रशासन के प्रमुखों को स्वच्छता पर विशेष जोर देने और आवागमन को सुगम बनाने निर्देशित किया। कलेक्टर के निर्देश के बाद शुक्रवार को नगर पंचायत सीएमओ राजमणि, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय और विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव सहित नगर के जनप्रतिनिधियों ने आबकारी विभाग, पुलिस विभाग के साथ मिलकर शराब दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने जनसहयोग से नगर को स्वच्छ रखने का आह्वान किया विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव ने भी सड़क किनारे स्वच्छता के लिये दुकानदारों को प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता रविन्द्र बघेल, पार्षद प्रकाश भार्गव, संतु निषाद, शंकर यादव एवं नगर के कर्मचारी और पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए जनपद की सामान्य सभा में प्रस्ताव पास



**पथरिया।** भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने की योजना को अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से देश भर के स्थानीय स्वशासन संस्थाओं से सहमति पत्र प्राप्त कर रही है।

जिला संयोजक हरिशंकर वर्मा ने विकास खण्ड के एक जनपद पंचायत सामान्य के सभा, पथरिया, सरगांव के नगर पंचायत परिषद और क्षेत्र के 96 ग्राम पंचायत के राजनीतिक एवं प्रशानिक प्रमुखों से बैठक कर समर्थन मांगा और एक साथ चुनाव कराने के समर्थन में प्रस्ताव देने का अनुरोध किया जिस पर क्षेत्र के जनपद, नगर पंचायत, और 96 ग्राम पंचायतों में से 60 पंचायतों ने समर्थन प्रस्ताव सौंपा है। जिला संयोजक हरिशंकर वर्मा ने बताया कि पिछले एक दो माह से अलग अलग स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क कर एक देश एक चुनाव पर समर्थन हासिल किया जा रहा है। पथरिया नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने नगर पंचायत में प्रस्ताव रखते हुए अध्यक्ष और सभी सदस्यों से इसे पारित करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, सभापति माहेश्वरी राम बघेल, मेला राम डनसेना, मोनिका ओमू दिवान, इंद्रजीत यादव, भाजपा नेता रविन्द्र बघेल उपस्थित रहे।

## गोंदईया में लगा ग्रीष्मकालीन समर कैंप



**रतनपुर।** बच्चों में बहुमुखी कौशल के विकास करने एवं नवाचार गतिविधियों में उनको शामिल करने शासकीय नवीन प्राथमिक शाला नयापारा, संकुल गोंदईया में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। जिसमें चित्रकला, नृत्यकला, रंगोली, मिट्टी के खिलौने, क्रॉफ्ट वर्क, पत्तियों से आकृति बनाना,योग, जुंबा नृत्य, सिलाई वर्क, आमाराइट प्रयोजना कार्य के अंतर्गत कविता,कहानी, अनुच्छेद लेखन,क्ले आर्ट, आदि कलाएं तृप्ति यादव मैडम ने सिखाई। संस्था से प्रधान पाठक शकील अहमद खोखर, शिक्षिका तृप्ति यादव एवं गांव के गणमान्य नागरिक भी गतिविधियों में शामिल हुए।

## भागवत कथा में सुदामा-कृष्ण के चरित्र का वर्णन



**रतनपुर।** गांधी नगर आईपीएस कालोनी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें कथाव्यास अनुराग कृष्ण दुबे द्वारा सुदामा और कृष्ण के प्रेम का चित्रण किया गया। उन्होंने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रश्नों के सुंदर वर्णन प्रस्तुत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन आईपीएस कालोनी गांधी नगर रतनपुर समस्त मोहले वाशी के द्वारा किया जा रहा है। इस अनुष्ठान में रतनपुर सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन करता आईपीएस कालोनी गांधी नगर रतनपुर समस्त मोहल्लेवासियों के द्वारा किया जा रहा है।

## मां के बिना जीवन संभव नहीं



**तखतपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुख शांति भवन में मातृत्व दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके किया सेवा केंद्र प्रभारी ममता दीदी ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां के बिना जीवन संभव नहीं है। जिंदगी की पहली टीचर मां होती है जो बच्चों को बोलने से लेकर अपने पैरों में खड़ा होना सिखाती है। मां सिर्फ बच्चों को जन्म ही नहीं देती बल्कि उसका पालन पोषण करने के साथ जीवन के हर सुख दुख में अपने बच्चों के साथ खड़ी भी रहती है। मां के लिए जितना भी करो काम ही है, क्योंकि मां की बराबरी इस संसार में कोई नहीं कर सकता है किसी ने सच कहा है हर जगह नहीं पहुंच सकता इसलिए उन्होंने मां को बनाया है। अंत में सभी माताओ को फूल ,तिलक देकर चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विमला जांगडे ,डॉ संध्या कश्यप, माधवी यादव ,चंचल बहन, कुमुदिनी धीवर ,आशा सचदेव, पदमा टेकवानी, अंजूलता गुप्ता ,सपना सचदेव, मुन्नी ठाकुर, चमेली ठाकुर सहित अनेक माताएं उपस्थित हुए।

## संघर्ष करने वाले हर व्यक्ति को मिलती है सफलता



**तखतपुर।** जीवन में सफलता तभी मिलती है जब आप संघर्ष करते हैं और संघर्ष करने वाले हर व्यक्ति को सफलता मिलती है डाक्टर बनकर अपनी सेवाएं बहुत से डाक्टर देते हैं वह चिकित्सक जो सेवा भाव से अपने जीवन को चलाता है वह आने वाले समय में एक सफल चिकित्सक बनता है उक्त बातें डाक्टर हिमेत कारड़ा और डां कीर्ती कारड़ा ने आरोग्य दंत चिकित्सालय के 11 वर्ष पूर्ण होने पर चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में कहीं।कार्यक्रम में डां कारड़ा दम्पती ने अपने उन शिक्षकों और चिकित्सकों का भी कार्यक्रम में सम्मान किया जिन्होंने चिकित्सक बनने से लेकर आज तक उन्हें मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर डीन डां राजा श्रीधर, डां प्रशांत शेठ्ठी, डां श्वेता शेठ्ठी, डां मृदुला नायक, डां देवाशिष, डां श्वाति राज, डां अनुराग मसीह, डां अंशुल साहू, डां सौम्या मुंदड़ा, डां गरीमा राय, डां अश्वनी गुप्ता, डां अर्पणा गुप्ता, डीन डां राणा वर्गीष, डां रमन पाल मक्कड़, डां प्रीत कौर मक्कड़, डां सौम्या, डां मरियम वनक, डां के के जायसवाल, डां श्याम प्रसाद जायसवाल, टेकचंद कारड़ा, जवाहर लाल सलामतानी, रमेश कारड़ा, राजेश अग्रवाल, प्रमोद सिंघानिया, मनोज अग्रवाल, योगेश कारड़ा, आयुष कारड़ा, वरूण कारड़ा, सरला कारड़ा, महेंद्र कारड़ा, हितेश कारड़ा, काजल कारड़ा, दुर्गा कारड़ा, प्रिया केनार, सिया देवांगन, रेश्मी यादव, मोनी साहू, अजय जांगड़े सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान में मनी बुद्ध जयंती



बुद्ध जयंती कार्यक्रम में उपस्थित शाला स्टाफ।

**मुंगेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा बुद्ध जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम भगवान गौतम बुद्ध तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर बुद्ध वंदना की गई। संस्था के व्यवस्थापक एचआर भास्कर ने कहा कि जिनके जीवन में सत्य, अहिंसा, शील, संयम, दया, करुणा का समावेश होता है वह महानता को प्राप्त करता है, ऐसा बुद्ध का संदेश है। अतः अपने जीवन को सफल बनाने के लिए बुद्ध के संदेशों का अनुशरण करना चाहिए। संस्था अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने बताया कि आज परिवार, समाज, राज्य, देश और विश्व स्तर पर अंतर कलह, वैमनस्य, हिंसा का प्रभाव बढ़ रहा है, ऐसे परिस्थितियों में विश्व शांति के लिए बुद्ध के उपदेशों का अनुशरण करना निहायत जरुरी हो जाता है। अतः बुद्ध जयंती मनाना तभी सार्थक होगा, जब सभी ओर वसुधैव कुटुंबकम् की भावना के साथ विश्व शांति के लिए अधिक से अधिक प्रयास हों। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आशा दिवाकर, शशिकला, प्रेमचन्द, छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## क्रेन से टकराई बाइक युवक की मौत



**तखतपुर।** ग्राम भीमपुरी के पास दूपहिया वाहन चालक का वाहन क्रेन से टकरा जाने से युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चकला थाना चिल्फी निवासी उत्तम कुमार कुर्रे उम्र 40 वर्ष अपनी दूपहिया वाहन से कोटा आया था कोटा से काम सम्पन्न कर वापस जा रहा था तभी जूनापारा थाना अंतर्गत ग्राम भीमपुरी में विपरीत दिशा से आ रही क्रेन से जा टकराया सिर में गंभीर चोंटे आने से युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया।

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/समंस**

व्य. वाद. क्रं 100ए/2025
आदेश दि. 25/04/2025
पेशी ता. 10/06/2025
प्रो.क्रं : 44/06.05.25

श्रीमती मधु मालिनी कुर्रे वगै....वादीगण
// विरुद्ध //
आम जनता व अन्य (जो हितबद्ध हो)...
प्रतिवादीगण

इस न्यायालय में वादीगण की ओर से एक आवेदन वाद वास्ते घोषणा हेतु माननीय न्यायालय में श्रीमती मधु मालिनी कुर्रे वगै. ने व्य. वाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें पक्षकार श्रीमती मधु मालिनी कुर्रे वगै. विरुद्ध आम जनता व अन्य व्य वाद. क्रं 100ए/2025 पेश किया गया है, उपरोक्त प्रतिवादी आम जनता को इस समाचार पत्र के माध्यम से दिनांक 10/06/2025 को इस न्यायालय में 11:00 दिन को स्वयं उपस्थित होकर या प्लीडर द्वारा अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जवाब एवं दस्तावेज पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति होने पर आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 10/06/2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है, या सार्वजनिक अवकाश हो जाता है, या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है, तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 05/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायलय की मुहर लगाकार जारी किया गया।
दिनांक : 05/05/2025
स्थान : बिलासपुर (छ.ग.)

(अनुप तिग्गा)
न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं टीकाराम साहू पिता श्री नकूलराम साहू उर्फ भकलू निवासी महाराणा प्रताप नगर, गौर कालोनी, तिफरा, बिलासपुर का हूं जो कि एक मकान ख.नं. 608/56 जो 1050 वर्गफुट का है जिसमें 3 कमरा, 1 हाल, किचन, लेटबाथ सामने पोर्च है एवं 607/48 ख.न. का 500 वर्गफुट का भूमि मकान के पास है जो मेरी धर्म पत्नि श्रीमती पूर्णिमा साहू के नाम से रजिस्ट्री हुआ है जिसमें मेरा कोई हक एवं अधिकार नहीं है। उक्त मकान एवं भूमि को मेरी धर्म पत्नि अपने जीवन पर्यन्त जीवन यापन करें तथा उस मकान में निवास करें, उससे मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मेरी चार पुत्रियां सपना, रत्ना, रागनी, ट्विंकल साहू अपनी माँ श्रीमती पूर्णिमा साहू के साथ रह रही है।

इस भूमि एवं मकान को कोई भी नहीं खरीदें, उन्हे स्वत्व व अधिकार प्राप्त नहीं होगा। सो सूचना जाने।
गवाह : 1. श्रीमती पूर्णिमा साहू
2. रीता साहू

भवदीय
टीकाराम साहू
मो. 9238159964

**समक्ष- नोटरी सिविल जिला बिलासपर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मै, श्रीमती ललिता पटेल उम्र 47 वर्ष पाते राजेश पटेल, निवासी एल.आई.जी.-1071 दीनदयाल कालोनी मंगला, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ :- 1. यह कि मेरे आधार कार्ड नंबर 5042 82873375 में एवं मेरी माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल के अंकसूची में मेरी जन्म तिथि 07.07.1978 अंकित है जो कि सही व सत्य है। 2. यह कि मेरे पति इंडियन आर्मी में कार्यरत है जिसके सर्विस रिकार्ड में नामिनी के रूप में मेरा नाम दर्ज है जिसमें त्रूटिवश मेरी जन्म तिथि 07.07.1985 लिखा है। जबकि मेरी सही जन्म तिथि 07/07/1978 है। 3. यह कि मै यह शपथ पत्र मेरी सही जन्म तिथि 07/07/1978 होने एवं मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरी सही जन्म तिथि सुधार/दर्ज किये जाने हेतु निष्पादित कर रही हूँ मेरे द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य व सही है कोई भी बातें छिपाई नही गई है।

शपथकर्ती

सत्यापन

मै श्रीमती ललिता पटेल उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका-91 से 03 में लिखी गई समस्त बातें मेरे स्वयं के ज्ञान व जानकारी से सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 23.04.2023 को स्थान बिलासपुर में पढ़कर समझकर सेही लिखा होना पाकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूँ।

शपथकर्ती

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमसेना तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/क/सीमांकन/रा.नि./2025
अमसेना दिनांक 10/05/2025

प्रति,
1. आदित्य उपाध्याय 2. रेखा अग्रवाल, 3. अमृताश जोशी, 4. संतराम पटेल, 5. रवि दुबे, राघवेन्द्र वगैरह 6. अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार 7. उषा दुबे
विषय : सीमांकन के समय उपस्थित रहने बाबत्।
संदर्भ : न्याया. तह./नायब तहसीलदार सकरी के ज्ञापन क्रमांक /Q/ना. तह./2025 बिलासपुर दिनांक 29.04.2025

ग्राम पथराली प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी स्थित भूमि ख. नं. 12/9 रकबा क्रमशः 0.809 हेक्टे. के सीमांकन हेतु आवेदक मु. खास आदित्य उपाध्याय पिता/पति स्व. लक्ष्मी प्रसाद उपाध्याय निवासी बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तह./अति.तह./नायब तह. सकरी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।

न्यायलयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 23.05.2025 को 11:00 से 5:00 बजे को किया जाना है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
टीप : आवेदक सीमा-चिंह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

(धारा कश्यप)
राजस्व निरीक्षक अमसेना

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्र./क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 01/05/2025

प्रति,
1. मीरा पाण्डेय 2. पारूल 3. जवाहर 4. संजय/दीपक पाटिल 5. अजमेरी बेगम 6. सर्व संबंधित (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषय : सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भ : न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह./वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक 24.04.2025

आवेदक राधिन बाई पटेल निवासी तालापारा के द्वारा ग्राम तालापारा प.ह.नं.....रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 189/3 रकबा 0.0610 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 16.05.25 को समय 12-3 बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।
टीप : 1. आवेदक सीमाचिंह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख परिवर्तित भूमि क्षेत्र जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

नितिन कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. क्रांति कुमार श्रीवास्तव वगैरह निवासी नेहरू नगर बिलासपुर आवेदक/आवेदिका विरुद्ध छ.ग. शासन ....अनावेदक/आवेदक

इस न्यायालय में आवेदक/आवेदिका श्री नितिन कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. कांति कुमार निवासी बिलासपुर ने मौजा खमतराई प.ह.नं. 25 तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 872/1,2,3 शीट नं.....ब्लाक नं.... प्लाट नं.... पर निर्मित आवासीय परिसर A.R. Tower A षष्ठम तल के प्रकोष्ठ क्रमांक 601 रकबा..... क्षेत्रफल 946 वर्गफुट अभिलेख अद्यतन हेतु आवेदकगण की माता सरोज श्रीवास्तव पति क्रांति कुमार श्रीवास्तव के फौती के आधार पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष प्रकाशित होने के दिनांक.......... से दिनांक 20.05.2025 तक कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन अवधि में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से समस्त दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सुनवाई के दिनांक के पश्चात प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

इस न्यायालय की सील मुद्रा द्वारा जारी किया गया।
बिलासपुर
दिनांक

अधीक्षक भू-अभिलेख
परिवर्तित भूमि क्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्रीमती नीलू यादव पति श्री राहुल प्रताप सिंह निवासी ए/140, फेस-2, सागर होम्स, उसलापुर, बिलासपुर से इनके नाम पर मौजा हांफा, प.ह.नं. 44, रा.नि.मं. सकरी, तहसील सकरी (पुराना तखतपुर) व जिला बिलासपुर स्थित भूमी का खसरा नम्बर 1097/16 रकबा 910 वर्गफुट भूमि/मकान खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय-पुरुषोत्तम श्रीवास
पिता स्व. पंचराम श्रीवास
निवासी ग्राम भकुर्रा नवापारा
पो. राजपुर तह. तखतपुर
जिला बिलासपुर
मो. 9827463721

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतो की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

## खबर संक्षेप

### बिलासपुर साहित्य समिति की मासिक काव्य गोष्ठी में आपरेशन सिंदूर की सराहना



**बिलासपुर।** बिलासपुर साहित्य समिति की मासिक काव्य गोष्ठी समिति के अध्यक्ष बल्लू दुबे के गोंड़पारा स्थित निवास पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य विषय भारत में पहलगाम में हुए आतंकियों द्वारा पर्यटकों पर अमानवीय हमला कर हत्या करने के विरोध में भारत द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की अखंडता पर केंद्रित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतकवि विजय तिवारी, मुख्य अतिथि केवल कृष्ण पाठक थे। कार्यक्रम का संचालन हरबंश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित कवि राकेश खरे, नरेंद्र शुक्ल, दिनेश्वर राव जाधव, डा सुधाकर बिबे, सत्येंद्र तिवारी, बल्लू दुबे, अमृतलाल पाठक, हरबंश शुक्ल, ओमप्रकाश भट्ट सहित अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं का पठन किया। जिससे श्रोताओं की आंखें नम हो गई। अंत में पहलगाम में आतंकी शिकार पर्यटकों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई।

### लायंस क्लब बिलासपुर गोल्ड नॉमिनेशन कमेटी की नई टीम का गठन



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर गोल्ड की नॉमिनेशन कमेटी की बैठक 7 मई को अध्यक्ष रीता बरसैया के निवास पर आयोजित की गई। जिसमें फरहीन चिश्ती ने अपनी टीम के साथ नई टीम का गठन किया। नई टीम का गठन 2025-26 के लिए किया गया है। इसमें लायंस क्लब गोल्ड की नई टीम निवृतमान अध्यक्ष रीता बरसैया, निर्वाचित अध्यक्ष प्रियंका जैन, सचिव चुन्नी मौर्य, कोषाध्यक्ष बिन्नी गम्भीर, प्रथम उपाध्यक्ष मानसी अग्रवाल, द्वितीय उपाध्यक्ष संगीता बरसैया, क्लब सह सचिव रिम्पी होरा, क्लब प्रशासक शुभा सिंह, क्लब निदेशक जगदीश सलूजा, नीरज अग्रवाल एवं चंद्रा बंसल, अतिरिक्त सचिव शशि बरेठ, क्लब मार्केटिंग चेयरपर्सन फरहीन चिश्ती, क्लब सर्विस चेयरपर्सन बलजीत अजमानी चुने गए।

### मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत जल हर बूंद को सहेजने की तैयारी



**बिलासपुर।** जिले के सभी 486 ग्राम पंचायतो में मोर गांव मोर पानी महाअभियान के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके तहत जल के समुचित उपयोग एवं जल संकट की जानकारी देते हुए कम से कम भूजल के उपयोग एवं फसल चक्र तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण आगामी मानसून में करने हेतु जानकारी गांवों में दी जा रही है। जिले में बड़े पैमाने में बारहमासी नालों पर बोरी बंधान के कार्य कराए जाने के निर्देश कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दी थी। जिसके परिपालन में बोरी बंधान का कार्य व्यापक रूप से प्रारंभ कर दिया गया है, इसमें ग्रामीणों का विशेष सहयोग मिल रहा है। इसके लिए ग्रामीण जनों में जागरूकता के साथ-साथ जल के समुचित उपयोग के लिए समझ पैदा की जा रही है इसके परिणाम स्वरूप ग्रामीण जन अपने से ही आगे आकर बोरी के कार्य को परिणित कर रहे हैं। इसके साथ-साथ जिले में फेल हो चुके बोरवेल को फिर से प्रारंभ किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### अग्रज नाट्य दल की 40 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला 15 से तिलकनगर स्कूल में




**बिलासपुर।** शहर की 32 वर्ष पुरानी प्रतिष्ठित रंग संस्था अग्रज नाट्य दल द्वारा इस वर्ष भी रंगमंच और अभिनय में रुचि रखने वाले युवाओं और कलाकारों के लिए एक 40 दिवसीय नाट्य एवं रंगमंच कार्यशाला 15 मई से सेजेस तिलक नगर में प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 8:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। संस्था की ओर से आज प्रेस क्लब में इस संबंध में प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह कार्यशाला युवाओं, छात्रों, शिक्षकों लिए उपयोगी होगी।

**राज्य सरकार के आदेश पर परिवहन विभाग ने जारी किया था आदेश** | **बस स्टैंड, स्टाप और बसों में चिपकाने का दिया था निर्देश**

# निजी बस मालिकों की मनमानी, दिव्यांगों व बुजुर्गों को नहीं मिल रही फ्री बस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परिवहन विभाग द्वारा दिव्यांगों और 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को फ्री में यात्रा की सुविधा दी गई है, लेकिन इस नियम का मखौल उड़या जा रहा है। निजी बस संचालकों के द्वारा सभी यात्रियों का टिकट लिया जाता है, जिससे दिव्यांग, बुजुर्ग और जरूरतमंद लोगों को शासन की योजनाओं का फायदा नहीं मिल रहा है।

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिले की यात्री बसों में दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक को बिना किसी शुल्क के यात्रा करने की सुविधा दी गई है। इसके साथ ही एड्स और अन्य गंभीर मरीजों से भी यात्रा की टिकट राशि नहीं ली जा सकती है, लेकिन इस आदेश की धज्जियां उड़ रही हैं। यात्री बसों में ना तो इस संबंध में निर्देश पट्टी लगाई गई है और ना ही ऐसे यात्रियों को इसका फायदा दिया जा रहा है। निजी बस मालिकों द्वारा सीधे तौर पर यात्रा का पूरा किराया वसूल किया जाता है। जिससे जरूरतमंद यात्री परेशान होते है। कई बार तो ऐसे यात्रियों को टिकट का पैसा नहीं देने पर बस से ही आधे रास्ते में उतार दिया जाता है, जिसकी शिकायत भी परिवहन विभाग को मिलती है।




परिवहन विभाग ने इस सुविधा को लागू करते हुए बस स्टैंड और प्रमुख बस स्टॉप पर पोस्टर चस्पा कर अपना काम खत्म कर लिया है, जबकि बसों की चैकिंग नहीं हो रही है। निजी बसों में इस निर्देश से संबंधित पोस्टर तक चस्पा नहीं है। जाहिर है कि कई यात्रियों को इसकी जानकारी भी नहीं हो पाती है, वहीं जिन्हें जानकारी है, वे बस चालक और कंडक्टर से बहसबाजी करने से बचने के चलते पूरा टिकट कटाकर यात्रा करने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

### बसों में 100% किराया छूट

सरकार द्वारा जारी आदेश के तहत दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक, गंभीर बीमारी से पीड़ितों को बस यात्रा में संपूर्ण छूट प्रदान की गई है। यह सुविधा साधारण, लग्जरी और सुपर लग्जरी बसों पर लागू है, यात्रियों को मनमाने किराए से बचाने के लिए सभी बसों में किराया सूची लगाने का निर्देश भी दिया गया है।

### कार्रवाई करने के निर्देश

हमने अभियान चलाकर बसों में पोस्टर चस्पा किया था, और निजी बस संचालकों की बैठक लेकर हिदायत दी थी। ऐसे यात्रियों को विभाग द्वारा पास भी जारी किया गया है। इसके बाद भी शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जा सकती है। परिवहन को ऐसे शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश हैं।

**-आनंद रूप तिवारी,** आरटीओ, परिवहन विभाग

**सेमेस्टर सिस्टम की भेंट चढ़ा कालेजों में समर वेकेशन, गर्मी में एक माह की रहती थी छुट्टी**

# सेमेस्टर सिस्टम लागू होने से प्राध्यापकों को नहीं मिल रहा समर वेकेशन का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कालेजों में गर्मी के दिनों में जो समर वेकेशन लगता था वह इस बार सेमेस्टर सिस्टम की भेंट चढ़ गया है। हर साल गर्मी के समय में प्राध्यापकों को एक महिना का समर वेकेशन मिलता था, जिसमें वे परिवार के साथ घूमने-फिरने बाहर जाते थे, लेकिन सेमेस्टर सिस्टम लागू होने के बाद यह पहली बार है जब प्राध्यापकों को समर वेकेशन नहीं मिल पा रहा है।

उच्च शिक्षा विभाग ने चालू शिक्षा सत्र में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किया है। इसके साथ ही स्नातक स्तर के कक्षाओं में सेमेस्टर सिस्टम लागू हुआ है, जिसके तहत प्रत्येक 6-6 महिने में सेमेस्टर एग्जाम होना है। स्नातक पाठयक्रमों में फर्स्ट ईयर वाली की पहला सेमेस्टर एग्जाम तो जनवरी माह में ही हो गया था और अब सेकेंड सेमेस्टर एग्जाम को लेकर तैयारी चल रही है। पहले एनवल पैटर्न पर एग्जाम होता था, जिसमें सालभर में एक बार परीक्षा होती थी और उसके बाद विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को सभी के लिए समर वेकेशन लग जाता था। यह समर वेकेशन करीब एक माह का रहता था। समर वेकेशन में प्राध्यापक जितने भी रिश्तेदारी शादी-ब्याह निपटा लेते थे और परिवार के साथ बाहर घूमने-फिरने भी जाते थे, लेकिन यह पहली बार हो रहा है कि प्राध्यापकों को समर वेकेशन नहीं मिल पा रहा है, उनकी गर्मी की छुट्टी सेमेस्टर सिस्टम की भेंट चढ़ गई है, क्योंकि अभी सेकेंड ईयर व फाइनल ईयर वाले छात्र-छात्राओं की एनवल पैटर्न पर एग्जाम चल रहा है। इसके साथ ही फर्स्ट ईयर वालों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत सेकंड सेमेस्टर की क्लासेस भी चल रही है। इस तरह से लगातार कालेज में प्राध्यापकों को एग्जाम डयूटी के अलावा क्लास भी लेनी पड़ रही है।



### एकेडमिक कैलेंडर में है प्रावधान

उच्च शिक्षा विभाग की ओर से शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सत्र के शुरूआत में जो एकेडमिक कैलेंडर जारी किया गया था। उसमें कालेजों में शैक्षणिक सहित अन्य गतिविधियों के लिए तिथियां निर्धारित कर दी गई है। इसमें दशहरा, दीपावली अवकाश से लेकर शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन अवकाश का जिक्र है। एकेडमिक कैलेंडर में 16 मई से 15 जून तक एक माह समर वेकेशन का प्रावधान दिया गया है।

### 16 मई से 15 जून तक रहता था समर वेकेशन

गवर्नमेंट व प्राईवेट कालेजों में हर साल गर्मी के दिनों में 16 मई से 15 जून तक समर वेकेशन रहता था। इस तरह से प्राध्यापकों को पूरे एक महिने की छुट्टी गर्मी में मिलती थी, जिससे भीषण गर्मी के बीच उन्हें कालेज जाने से छुटकारा भी मिलता था, लेकिन सेमेस्टर सिस्टम लागू होने के बाद इस बार प्राध्यापकों को अपनी गर्मी की छुट्टी को लेकर चिंता सताने लगी है, क्योंकि मई माह का लगभग आधा महिना बीतने को है और अभी कालेजों में सेकेंड सेमेस्टर वालों की क्लास चल रही है और अगले माह जून में उनका एग्जाम भी होना है।

### कालेजों में सेमेस्टर सिस्टम लागू हो गया

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी एकेडमिक कैलेंडर में कालेजों में एक माह समर वेकेशन का प्रावधान है, लेकिन इस बार से कालेजों में सेमेस्टर सिस्टम लागू हो गया है, जिसके तहत 6-6 माह में लगातार परीक्षा होनी है। अब सेकेंड सेमेस्टर परीक्षा होना है, जिसके लिए कालेजों में पढ़ाई चल रही है। इसलिए इस बार समर वेकेशन नहीं मिल पा रहा है।

**-प्रवीण पांडेय,** प्राचार्य व क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा विभाग

## सुशासन पहुंचा घर तक, समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान : अमर



**बिलासपुर।** सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण में सोमवार को जोन क्रमांक 3 के मुंगेली नाका मैदान में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने अलग-अलग विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर नागरिकों से भी चर्चा की। इस अवसर पर प्राप्त आवेदनों के अब तक किए गए निराकरण की जानकारी ली।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सुशासन की सशक्त स्थापना, आमजनों की समस्याओं के समाधान और योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छग सरकार ने सुशासन तिहार का आरंभ किया है। सुशासन तिहार के तहत आमजनों की समस्या का त्वरित गति से निराकरण हो रहा है, योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक को मिलें और विकास के साथ आमजन का कल्याण हो। यही विष्णु सरकार की प्राथमिकता है और सुशासन तिहार के माध्यम से भी इसे पूरा किया जा रहा है। जोन क्रमांक 3 क्षेत्र में आयोजित समाधान शिविर का कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम कमिश्नर अमित कुमार ने जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अब तक किए निराकरण और लंबित आवेदनों की जानकारी लेते हुए शेष आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आवेदकों से फीडबैक लिया।

**ACB INDIA LTD. (2X135MW TPP)**

**NOTICE INVITING TENDER**

Ref. No:- ACBIL/( 2X135MW)PP/ASH TPT/2025-26/MAY-01

**Description of work:**
Require competent agency for Transportation of Fly Ash/Pond ash to low laying area for a distance of upto 5 (Approx) Kms. from 2x135 MW Thermal Power Plant at Village-Kasaipali, Dist Korba (cg), with details as below :

A. Loading of fly ash from Ash Dyke
B. Transportation of Ash by self-tippling Open Tipper/Trucks but dully covered with Tarpaulin or Suitable mean as per applicable MOEF & CC Notifications and guidelines & up to designated location.

**Total Quantity and Rates:**
Total estimated quantity of ash to be loaded and transported is 2,50,000 MT. Actual quantity is subject to change as per requirement during actual execution of the work.
Interested Bidder may collect Detailed Tender Document below mentioned address & submit their bid.
Bidder shall quote the rate in sealed envelope in INR:
A. Loading from ash dyke Rs........../- per MT
B. Transportation &Unloading complete charges for low laying area:
i) From 3-4 KM Rs............/- Per MT
ii) From 4-5 KM Rs.........../- Per MT
Above includes all expenses and complying all applicable terms and conditions of Pollution control Boards, various applicable notifications, Orders, guidelines, etc.

**Tender will available:** from 13.05.2025 at 11.00 Hrs. to 17.05.2025 at 16.00 hrs.
**Last date of Bid submission:** 18.05.2025 at 16.00 Hrs.
**Contact person :** Nitesh Srivastava, Contact No: 9575904949
E-mail- Civil.270MW@cg.acbindia.com
**Address :** ACB (India) Limited, 2x135MW Power Plant, Village-Kasaipali, Tehsil- Katghora, District- Korba (Chhattisgarh)

- S/d-
**ACB ( India) Ltd. (2X135MW TPP)**

# भारत के खुदरा व्यापार पर कब्ज़े की साजिश के खिलाफ 16 को कैट की राष्ट्रीय संगोष्ठी

**बिलासपुर।** भारत ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों की चालों का सामना करने के लिए 16 मई को दिल्ली में एक राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देशभर के 100 से अधिक व्यापारिक नेता हिस्सा लेंगे। जिसका आयोजन देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी उपस्थित रहेगीं।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि भारत के लगभग 140 लाख करोड़ सालाना के जीवंत खुदरा व्यापार पर ई-कॉमर्स व क्विक कॉमर्स कंपनियों द्वारा कब्ज़ा जमाने की कोशिश कर रही है। इन कंपनियों की चालों का सामना करने के लिए 16 मई को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा, बिलासपुर अध्यक्ष किशोर पंजवानी ,सचिव हीरानंद जयसिंह,महामंत्री आशीष अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी परमजीत उपवेजा ने बताया कि इस कांफ्रेंस में केवल व्यापारी ही नहीं, बल्कि स्वदेशी उत्पादों के समर्थक, ट्रांसपोर्ट, लघु उद्योग, एमएसएमई, उपभोक्ता संगठन, महिला उद्यमी, किसान, स्टार्टअप, कर्मचारी संगठनों समेत व्यापार के विभिन्न सेक्टर भी भाग लेंगे। सभी मिलकर इन विदेशी पूंजी पोषित कंपनियों के षड्यंत्रों को उजागर करने और देशव्यापी अभियान चलाने की एक संयुक्त रणनीति तय करेंगे। किशोर पंजवानी एवम हीरानंद जयसिंह ने कहा कि यह कांफ्रेंस अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि व्यापार और उद्योग के विभिन्न सेक्टर्स अब एक मंच पर आकर इन कंपनियों को सीधी चुनौती देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि इन कंपनियों ने अब तक मोबाइल और मोबाइल एसेसरीज़, एफएमसीजी, कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, खिलौने, वस्त्र, परिधान, जूते-चप्पल, खाद्य सामग्री, रेस्तरां और होटल्स जैसे कई प्रमुख व्यापार क्षेत्रों को बड़ा नुकसान पहुंचाया हैं।

वहीं व्यापार के अन्य क्षेत्रों को भी ये कंपनियां कब्जाने की कोशिश में जुटी हैं। हीरानंद जयसिंह ने दो टूक कहा कि अब समय आ गया है जब इन कंपनियों की अनैतिक व्यापारिक गतिविधियों का देशभर के व्यापारी दांतों तले विरोध करें, ताकि देश के खुदरा व्यापार को इनकी गिरफ़्त से बचाया जा सके। यह कॉन्फ्रेंस एक निर्णायक कदम होगी।

### मरणोपरांत दो लोगों को नेत्रज्योति दे गए हीरानंद

**बिलासपुर।** दयालबंद निवासी हीरानंद आहुजा का सोमवार को निधन हो गया। श्री आहुजा मरणोपरांत अपना दोनों नेत्र दान करके गए हैं। उनके पुत्र पूरन, ताराचंद, जगदीश, प्रकाश, घनश्याम, दीपक, अनिल व गोपाल ने नेत्रदान के लिए हैंड्सग्रुप से संपर्क किया। हैंड्सग्रुप की टीम से दिनेश नागदेव, सिम्स से डॉ. अन्नू तोमर, डॉ. संजय चौधरी उनके निवास स्थान जाकर सफल नेत्रदान करवाया।






# अनुशासन और समय पर किया गया हर कार्य सफल होता है : यादव

**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के निर्देशन पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी, मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाला राष्ट्रीय स्तर का हिमालय वुड बैज गाइड और रेंजर विभाग प्रशिक्षण शिविर पहली बार छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में आयोजित किया गया है।

बिलासपुर के कोनी स्थित आधारशिला सैनिक स्कूल प्रांगण में सोमवार को इस 7 दिवसीय हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण शिविर (गाइड एवं रेंजर विंग) का शुभारंभ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आप सभी अनुशासन में रहते हुए समय बाध्यता के साथ एक विद्यार्थी की तरह प्रशिक्षण प्राप्त करें और छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के श्रेष्ठ रीडर ट्रेनर बने। जीवन में कुछ करने की जुनून ही व्यक्ति को बड़ा बनाता है, इसके लिए आप आज जो सिख रहे हैं उसे अपने बच्चों तक जरूर पहुंचाए। अच्छे मन से किए गए हर कार्य सफल होता है। प्रशिक्षण शिविर में गाइड और रेंजर विभाग के प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए रेंजर विभाग की लीडर ऑफ कोर्स राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सरिता पांडेय, गाइड विभाग की लीडर ऑफ कोर्स जेरमिना एक्का सहित राज्य और अन्य राज्यों से लीडर ट्रेनर व सहायक प्रशिक्षक शामिल हुए हैं। इस शिविर में राज्य सचिव कैलाश सोनी और राज्य संगठन आयुक्त स्काउट विजय यादव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। प्रशिक्षण में विभिन्न जिलों से चयनित कुल 65 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यह शिविर आगामी 18 मई तक चलेगी।






**स्थापना दिवस पर सभी ने दी शुभकामनाएं** रिंग रोड स्थित हरिभूमि कार्यालय में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में बिलासपुर सिटी लुक मैप का हुआ विमोचन

# सामाजिक सरोकार में अग्रणी भूमिका निभाता है हरिभूमि



सोमवार को हरिभूमि कार्यालय में सिटी लुक मैप का विमोचन करते अतिथि।



25 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विज्ञापन एजेंसियों के संचालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोमवार को हरिभूमि का 25 वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में रिंग रोड स्थित हरिभूमि के कार्यालय में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में बिलासपुर सिटी लुक मैप का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा की हरिभूमि पत्रकारिता के साथ-साथ समाजिक सरोकार में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। बेहद प्रसन्नता का विषय है कि हरिभूमि अखबार अपनी स्थापना का 25 वां स्वर्णिम वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। इस लंबी अवधि में हरिभूमि अखबार ने अपनी निष्पक्ष-निर्भीक खबरों से एवं विशिष्ट लेखन शैली से पाठकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। किसी देश और समाज के लिए सामाजिक सरोकार की पत्रकारिता का होना आवश्यक होता है।

इस अवसर पर एडिशनल एसपी सिटी राजेन्द्र जयसवाल, ट्रैफिक एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, एडिशनल एसपी एसीसीयू अनुज कुमार, सीएसपी सिविल लाइन निमितेष सिंह परिहार,स्मार्ट सिटी बिलासपुर पीआरओ आदर्श दुबे, हरिभूमि के स्थानीय संपादक प्रवीण शुक्ला,जीएम प्रियंक सिंह परिहार,मार्केटिंग मैनेजर अरूण ज्योतिषी सहित हरिभूमि के समस्त रिपोर्टर, फोटोग्राफर, एजेंट, एड एजेंसी के संचालक व स्टॉफ मौजूद थे।



कार्यक्रम में उपस्थित अखबार अभिकर्ता संघ के पदाधिकारी।

## चौथे स्तंभ के रूप में निभाई भूमिका

एडिशनल एसपी ट्रैफिक रामगोपाल करियारे ने कहा कि प्रशासन और समाज के बीच सेतु की भूमिका भी मीडिया संस्थान ही निभाते हैं, आवश्यकता इस बात की है कि हम देश और समाज के हित में निष्पक्ष व स्वतंत्र पत्रकारिता को निरंतर प्रोत्साहित करें और प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। हरिभूमि ने प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका को सदैव बखूबी निभाई है।

## पाठकों के बीच बनाया अलग मुकाम

हरिभूमि के 25वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए एडिशनल एसपी राजेन्द्र जयसवाल ने कहा की हरिभूमि अखबार समाजिक सरोकार में अग्रणी रहा है, इस अखबार ने पत्रकारिता के साथ समाजिक सरोकार में भी अहम भूमिका निभाई है। अखबार ने अपनी निष्पक्ष-निर्भीक खबरों से एवं विशिष्ट लेखन शैली से पाठकों के बीच अपना एक अलग ही मुकाम बनाया है। किसी देश और समाज के लिए सामाजिक सरोकार की पत्रकारिता का होना आवश्यक होता है।

## जागरूकता की खबरों को प्रमुख स्थान दिया

एडिशनल एसपी एसीसीयू अनुज कुमार ने कहा की देश के विकास की बात करें या सामाजिक सरोकार की, हरिभूमि समाचार पत्र का सदैव विशिष्ट सहयोग रहा है। अपने कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन करते हुए सजगता व जागरूकता की खबरों को अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से स्थान दिया है। मुझे आशा व विश्वास है कि हरिभूमि समाचार पत्र जन-जन की आवाज बनेगा। अपने कर्तव्यों व दायित्वों का इसी तरह ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करेगा।

## पत्रकारिता का पर्याय हरिभूमि

स्मार्ट सिटी बिलासपुर के पीआरओ आदर्श दुबे ने कहा की हरिभूमि अखबार पत्रकारिता का पर्याय है, जो सदैव तटस्थ होकर जनसरोकार में आगे रहता है। हर वर्ग की खबरों को प्रमुखता से लोगों तक पहुंचाता है, बीते 24 वर्षों से बिलासपुर की खबरों में हरिभूमि ने एक अलग छाप पाठकों के बीच छोड़ी है, इससे अखबार में तो विश्वास जुड़ा ही है, इसके साथ पत्रकारिता का भी मान बढ़ाया है।

## पत्रकारिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा

सिविल लाईन सीएसपी निमितेष सिंह परिहार ने कहा की प्रदेश व समाज हित में अपनी निष्पक्ष व स्वतंत्र पत्रकारिता से पत्रकारिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा। समाचार पत्र के 25 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं विशेष परिशिष्ट प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं दी। इन्होंने कहा की हरिभूमि अखबार पाठकों के एक बड़े वर्ग की पसंद है,इसमें छपी खबरे लोगों की आवाज को बुलंद करता है।

# गुंडा, बदमाशों की लगी क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने सोमवार को गुंडा, निगरानी व वारंटियों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया है। चेकिंग अभियान में 174 गुंडा, 32 निगरानी व 50 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर तस्दीक की गई। इसके साथ 29 गिरफ्तारी व स्थायी वारंटियों को भी तामिल किया गया।

- एसएसपी ने कहा- गुंडागर्दी छोड़ें अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र कुमार जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अनुज कुमार के दिशानिर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक विशेष अभियान चलाया गया। दो दिनों तक संचालित इस अभियान में थानों के लगभग सभी आदतन बदमाशों व संदिग्ध व्यक्तियों की सरप्राइज चेकिंग की गई।

थाना सरकण्डा एवं सिविल लाइन क्षेत्र के कुख्यात गुंडों अकबर खान और तैयब हुसैन को भी थाना बुलाकर उनकी जांच की गई। इनके अलावा थाना चकरभाठा के प्रशांत ठाकुर, बेलगहना के नौशाद खान, तखतपुर के कैलाश बघेल जैसे प्रमुख गुंडे-बदमाशों को चेक किया गया। इस सरप्राइज चैकिंग का उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाना।



चेकिंग अभियान के दौरान पकड़े गए वारंटी।



अपराधियों की परेड लेते पुलिस अधिकारी।

## ग्रामीण ने लगाई फांसी

**बिलासपुर।** एक ग्रामीण ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, ग्राम लाखासार निवासी चंद्रप्रकाश मरावी 38 साल ने बीती रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सोमवार को देर तक कमरे से बाहर नहीं निकले तो घरवालों ने आवाज लगाई। जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा खोलकर देखें तो उनकी फांसी पर लटकी लाश मिली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

## फिर कोन्हेर गार्डन के पास पकड़ी गईं 3 संदिग्ध महिलाएं

**बिलासपुर।** एक बार फिर रक्षा टीम ने कोन्हेर गार्डन के पास दबिश देकर संदिग्ध रूप से खड़े तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर 12 मई को रक्षा टीम ने कोन्हेर गार्डन,पोस्ट आफिस, नेहरू नगर के आसपास लगातार पेट्रोलिंग संदिग्ध रूप से खड़े अशोकनगर,



जीपीएम, निरतू की तीन महिलाओं को पकड़ लिया। इस पर महिलाओं के द्वारा पुलिसकर्मियों से हुज्जतबाजी की गई। पुलिस तीनों महिलाओं को पकड़कर महिला थाना ले गए।

पुलिस ने देह व्यापार में संलिप्त मिलने पर प्रतिबंधात्क धाराओं के तहत तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि दो दिन पहले कोन्हेर गार्डन के पास से 3 महिलाएं व एक पुरूष को गिरफ्तार किया गया था।

## मोबाइल लूटने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन से पैदल लौट रहे दंपती से मोबाइल लूटकर भागने वाले दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, रेड डायमंड होटल में रिसेप्शन का काम करने वाले जितेन्द्र तांडी पिता निराकर तांडी 9 मई को रात्रि 12 बजे होटल से अपने बहन के घर रायपुर अपनी पत्नी गुड्डी बाग के साथ रेलवे स्टेशन गए थे। ट्रेन विलंब होने से दोनों पैदल होटल लौट रहे थे। रात 1.30 बजे दो व्यक्ति उनकी पत्नी के हाथ से मोबाइल लूटकर भाग गए थे। टीआई अभय सिंह बैस ने मुखबिर की सूचना पर चुचुहियापारा निवासी नबी अली उर्फ नब्बू पिता यूसुफ अली 23 साल, सरफराज खन पिता शाहिद खान 28 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने लूटपाट करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

## चाकू दिखाकर डराने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली कि तारबाहर चौक के पास एक युवक चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर तारबाहर चौक निवासी रमेश गुप्ता पिता स्व. कामता प्रसाद गुप्ता 52 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।




## जेवर की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश



**बिलासपुर।** शुद्धिकरण का झांसा देकर लाखों के जेवर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरा खंगालने के बाद तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से इंदौर में दबिश देकर दो महिला सहित चार लोगों को पकड़ा गया है।

एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल ने बताया, 18 अप्रैल को शुभम विहार बाबजी रेसीडेंसी निवासी रिटायर्ड रेलवेकर्मी की पत्नी हेमलता भोसले 70 साल दवाई व मोबाइल चार्जर खरीदकर पैदल घर लौट रही थीं। 36 सिटी माल के पास उन्हें दो महिला व दो व्यक्ति मिले और घर छोड़ देने की बात कहते हुए आटो में बैठाकर बृहस्पतिबाजार स्थित बीआर यादव गार्डन में ले जाकर शुद्धिकरण का झांसा देकर लाखों के जेवर व 6 हजार रुपए नकद ठगी कर फरार हो गए थे। एसएसपी रजनेश सिंह ने सिविल लाइन पुलिस व एसीसीयू टीम को आरोपियों की पतासाजी कर पकड़ने का निर्देश दिया था। एसीसीयू एडीशनल एसपी अनुज कुमार, सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल से लेकर विभिन्न इलाकों में 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया, जिससे ठगी करने वालों का सुराग मिला।

पुलिस टीम ने इंदौर में दबिश देकर ठगी करने वाले दो महिलाओं व दो अन्य व्यक्तियों को पकड़ लिया। कड़ाई पूछताछ करने पर सभी ने रिटायर्ड रेलवेकर्मी के पत्नी से जेवर व नकद रकम ठगी करना स्वीकार कर लिया।

### पकड़े गए आरोपी

- मनोज सोलंकी पिता प्रताप सिंह सोलंकी 42 साल रघुवीर नगर जेजे कालोनी टैगौर गार्डन पश्चिम विहार दिल्ली।
- शांति देवी पति मनोज सोलंकी 39 साल रघुवीर नगर जेजे कालोनी टैगौर गार्डन पश्चिम विहार दिल्ली।
- विजय सोलंकी 28 साल विष्णु गार्डन पश्चिम विहार दिल्ली।
- सीमा सोलंकी पिता विजय सोलंकी 24 साल विष्णु गार्डन पश्चिम विहार दिल्ली।

